KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SURYA FOUNDATION

Contact No 9540780079 Email : sehoreksp@gmail.com

रसोई बनाने के लिए रसोइया की आवश्यकता हेतु निविदा

•	निविदा भरने वाले आपूर्तिकर्ता का नाम और प्रकार	-	
•	पता, फोन नंबर, ईमेल इत्यादि	-	
•	निविदा की तारीख़	-	21 अक्टूबर 2023.
•	निविदा भरने की तारीख़	-	21 अक्टूबर 2023 से 30 अक्टूबर 2023
•	दस्तावेज जमा करने अंतिम तारीख़	-	30 अक्टूबर 2023, सायं 6 बजे तक
•	निविदा खुलने की संभावित तारीख	-	31 अक्टूबर 2023, सुबह 10 बजे.
•	निविदा शुल्क (अप्रतिदेय)	-	Rs 100/-
•	धरोहर राशी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट)	-	NIL
•	निविदा खुलने का स्थान	-	कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर,सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, सीहोर-इंदौर बायपास रोड, आर.टी.ओ. ऑफिस के सामने, क्रिसेंट रिसोर्ट चौराहा, सीहोर (मध्य प्रदेश) पिन – 466001

S. No.	कार्य का प्रकार	कुल मासिक पारश्रमिक दर (सभी कर सहित)	Remarks
1	460 छात्राओं हेतु सुबह का नास्ता, दोपहर का भोजन तथा रात्रि भोजन बनाने हेतु तथा रसोई कक्ष एवं बर्तनों की साफ सफाई इत्यादि		

आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर (यदि उपलब्ध है तो)

निविदा की शर्तें :-

1. निविदा खुलने की संभावित तारीख 31 अक्टूबर 2023, सुबह 10 बजे।
2. निविदा भरकर पहुँचने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2023, सायं 6 बजे तक रहेगी।
3. निविदा 31 अक्टूबर 2024 तक मान्य रहेगी तथा कार्य की गुणवत्ता देख निविदा अगले कार्यकाल के लिए भी बढाई जा सकती है।
4. अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान को पैन कार्ड तथा आधार कार्ड निविदा फॉर्म के साथ जमा करना होगा।
6. टेंडर भरने वाले अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान के पास अपना पैन कार्ड होना चाहिए।
7. सेवा में कमी पाए जाने पर एकरारनामा तुरंत निरस्त कर दिया जायेगा।
8. एकरारनामा का प्रारूप विद्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
9. अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान किसी भी प्रकार से ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
10. विद्यालय द्वारा एकरारनामा में कोई भी संसोधन किसी भी समय किया जा सकता है।
11. अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान ने निविदा भरी है वह निविदा में लगाये गए सभी दस्तावेजों की प्रतियों सहित निविदा फॉर्म कुल पृष्ठ संख्या और प्रत्येक पृष्ठ संख्या पर अपने स्वयं के हस्ताक्षर करके भेजेगा। दोषपूर्ण या समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाएं नहीं खोली जाएंगी और निविदाएं अमान्य मानी जाएंगी।
12. अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान द्वारा 31/10/2024 तक भविष्य में किसी भी परिस्थिति में मूल्य वृद्धि की मांग नहीं की जाएगी।
13. सरकार के नियमों और विनियमों में समय-समय पर किए गए संशोधन या बदलाव, अनुभवी व्यक्ति/ निबंधित संस्था यथा कंपनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान पर बाध्यकारी होंगे साथ ही सभी प्रकार के टैक्स आदि का पूरा वहन करना होगा।
14. नियम अनुसार टैक्स काटकर बिल का भुगतान किया जाएगा।
15. किसी भी प्रकार की कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि निविदा में कोई शर्त रखी जाती है तो निविदा स्वतः ही निरस्त कर दी जाएगी।
16. निविदा को स्वीकृति और अस्वीकृत करने, स्थगित करने या रद्द करने का अंतिम अधिकार निविदा आमंत्रित करने वाले स्थानीय प्राधिकारी के पास है और इसके संबंध में कोई कारण नहीं बताया जाएगा।
17. निविदा में भरे गये न्यूनतम कुल मासिक पारश्रमिक दर के साथ साथ गुणवत्ता को भी ध्यान में रखा जायेगा। एकरारनामा गुणवत्ता के आधार पर ही किया जायेगा। इसके लिए न्यूनतम कुल मासिक पारश्रमिक दर ही एकमात्र आधार नही होगा तथा निविदाकर्ता किसी भी प्रकार का क्लैम नहीं कर सकता है। निविदा कमिटी द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा।
18. विवाद के संबंध में न्यायालय की कार्यवाही हेतु कानून का क्षेत्र सीहोर जिला रहेगा।
19. विशेष परिस्थितियों में जैसे अभिवावक स्मेल्लन, वार्षिकोत्सव तथा अन्य आयोजनों एवं बच्चो के हित में किसी भी प्रकार का भोजन बनाना अनिवार्य होगा तथा जिसके लिए कोई अतिरिक्त पारश्रमिक नही दिया जायेगा।
20. यदि निविदा प्रपत्र में किसी तथ्य का झूठा खुलासा पाया जाता है तो निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक का निर्णय अंतिम होगा।
21. निविदाकर्ता को लिफाफे के शीर्ष पर “लाल स्याही” से किस मद में निविदा प्रपत्र भरा गया है यह अवश्य अंकित करना रहेगा।

    उपरोक्त 1 से **21** तक सभी शर्तें मेरे द्वारा पूर्ण रूप से पढ़ ली गई है और मैं पूरी तरह से पालन करने का वचन देता हूं। शर्तों के उल्लंघन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा और मेरे लिए पूरी तरह से बाध्यकारी होगा।

मैं अधोहस्ताक्षरी एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि निविदा कि उपरोक्त सभी शर्तें मुझे स्वीकार्य है.

आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर(यदि उपलब्ध है तो)